# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एंव पदेन सहायक कलक्टर सीमलवाडा जिला डुंगरपूर राजस्थान

पीठासीन अधिकारीः– सोनू कुमार गुर्जर, आर.ए.एस.

प्रकरण सख्याः– 29/25 रेवेन्यु दायर दिनांकः–19.05.2025

1. कमली पुत्री कुबेर जाति भील निवासी झौथरीपाल तहसील झौथरीपाल जिला डूंगरपुर राजस्थान हाल निवास, पति शंकरलाल कटारा निवासी वार्ड नम्बर 6 पाटडी, पोस्ट माडा, तहसील डूंगरपुर जिला डूंगरपुर राजस्थान।
आधार नम्बर– 7591 6186 6048

—प्रार्थिया

बनाम

1. श्री बापु पिता कुबेर जाति भील
2. श्री भगवान पिता कुबेर जाति भील
3. श्री मोहन पिता कुबेर जाति भील
4. श्री रमेश पिता कुबेर जाति भील
5. लक्ष्मी पुत्री कुबेर जाति भील
6. शंकर पिता कुबेर जाति भील
7. हंसी पिता कुबेर जाति भील निवासी झौथरीपाल तहसील झौथरीपाल जिला डूंगरपुर राजस्थान
8. श्री भूमिधारी तहसील झौथरीपाल जिला डुगंरपूर राजस्थान।

—अप्रार्थीगण

प्रार्थना अन्तर्गत धारा 136 भू–राजस्व अधिनियम

उपस्थितः–

अधिवक्ता प्रार्थी श्री श्रवण रावल उपस्थित।

:: निर्णय :: दिनांक– 07.07.2025

प्रकरण के संक्षेप मे तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थिया का जन्म गांव झौथरीपाल में हुआ होकर प्रार्थिया के पिता का नाम कुबेर पिता अमरा रोत निवासी झौथरीपाल तहसील झौथरीपाल जिला डूंगरपुर राजस्थान होकर तथा माता का नात गलाल होकर प्रार्थिया के माता पिता की संतान है। प्रार्थिया के विवाह से पुर्व हाकेर नाम से जानी जाती रही है तथा विवाह के पश्चात प्रार्थिया के समाज में प्रचलित रिति रिवाज ओर परम्पराओं के अनुसार नाम किए जाते है जिसके अनुसार प्रार्थिया का विवाह वार्ड नम्बर 6 पाटडी, पोस्ट माडा, तहसील डूंगरपुर जिला डूंगरपुर राजस्थान में श्री शंकरलाल कटारा से होने के बाद प्रार्थिया का नाम हाकेर से परिवर्तित होकर कमली रखा गया तथा प्रार्थिया के विवाह के बाद कमली के नाम से ही जाना जाता रहा है ओर वर्तमान में भी इसी नाम से जाना जा रहा है। प्रार्थिया के आधार कार्ड, जन–आधार कार्ड, पहचान पत्र आदि समस्त राजकीय रिकॉर्ड में प्रार्थिया का नाम कमली अंकित है।प्रार्थिया व अप्रार्थीगण के कब्जे काश्त की खातेदारी कृषि भुमि ग्राम पगारा में खाता संख्या 238, खसरा नम्बर 159, 192, 193, 199, 200/1, 200/2, 211, 450, 468, 479, 488, 489, 492, 495, 496, 497, 499, 500, 501, 510, 802, 933 खेत किता 22 कुल रकबा 3.9632 हैक्टेयर में हिस्सा होकर स्थित है। जिस पर प्रार्थिया च अप्रार्थीगण अपने हिस्से पर काबीज होकर काश्त करते आ रहे है। प्रार्थिया

उपखण्ड अधिकारी

Scanned with OKEN Scanner

के पिता का देहान्त के समय प्रार्थिया अविवाहित होने से प्रार्थिया अपने पिता की वारिस होने से उपरोक्त भुमि में प्रार्थिया का हाकेर नाम दर्ज किया गया है। उसके बाद प्रार्थिया को विवाह हो जाने उसका नाम परिवर्तन कर कमली रखा गया था। तथा प्रार्थिया के समस्त रिकॉर्ड एवं राजकीय दस्तावेज में प्रार्थिया का नाम कमली ही चल रहा है। उपरोक्त खाते के राजस्व रिकॉर्ड में अंकित हाकेर को हटाया जाकर कमली दर्ज किया जाना आवश्यक है क्योकि गलत नाम दर्ज रिकॉर्ड रहने से प्रार्थिया को काफी परेशानियों का सामना करना पडेगा। प्रार्थिया प्रार्थना पत्र में अंकित भुमि की खातेदार काश्तकार है तथ अन्य किसी का भी इस भुमि पर कब्जा काश्त नहीं है तथा अन्य कोई वारिस नहीं है। प्रार्थिया को उपरोक्त जानकारी राजस्व रिकॉर्ड की नकले प्राप्त होने पर हुई जिस परनाम का शुद्धिकरण हेतु विधिक रूप से प्रार्थना पत्र माननीय न्यायालय को प्रस्तुत किया जा रहा है।

उपरोक्त भुमि में प्रार्थिया के पिता का नाम तो सही अंकित है। लेकिन प्रार्थिया का नाम हाकेर गलत चल रहा है। प्रार्थिया द्वारा अपने प्रार्थना पत्र के समर्थन में अपने स्वयं का विस्तृत शपथ पत्र व अपने परिजनां का भी शपथ पत्र आपको प्रस्तुत किया जा रहा है। ओर ग्राम पंचायत का प्रमाण पत्र भी पेश है। भु–अभिलेख रिकॉर्ड ग्राम ग्राम पगारा में खाता संख्या 238, खसरा नम्बर 159, 192, 193, 199, 200/1, 200/2, 211, 450, 468, 479, 488, 489, 492, 495, 496, 497, 499, 500, 501, 510, 802, 933 खेत किता 22 कुल रकबा 3.9632 हैक्टेयर में हिस्सा अंकित हाकेर नाम को हटाया जाकर उसकी जगह कमली किए जाने आदेश प्रदान किया जाना आवश्यक है। जरीये इन्द्राज दुरूस्ति राजस्व रिकॉर्ड ग्राम पगारा में खाता संख्या 238, खसरा नम्बर 159, 192, 193, 199, 200/1, 200/2, 211, 450, 468, 479, 488, 489, 492, 495, 496, 497, 499, 500, 501, 510, 802, 933 खेत किता 22 कुल रकबा 3.9632 हैक्टेयर में हिस्सा जिसमें दर्ज नाम हाकेर को हटाया जाकर उसकी जगह वास्तविक नाम कमली दर्ज किया जाने आदेश प्रदान करे।

प्रार्थीया द्वारा न्यायालय में प्रार्थना–पत्र पेश करने पर न्यायालय द्वारा प्रार्थना दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थीगण को जरीए नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थीगण के नोटिस बाद तामिल प्राप्त हुए। अप्रार्थीगण जरीए अधिवक्ता श्री कर्त्तव्य शाह उपस्थित हुए। अप्रार्थीगण की ओर से जवाब पेश किया गया। अप्रार्थीगण ने अपने जवाब में प्रार्थीया का प्रार्थना–पत्र स्वीकार कर तदनुसार ग्राम पगारा में खाता संख्या 238, खसरा नम्बर 159, 192, 193, 199, 200/1, 200/2, 211, 450, 468, 479, 488, 489, 492, 495, 496, 497, 499, 500, 501, 510, 802, 933 खेत किता 22 कुल रकबा 3.9632 हैक्टेयर में प्रार्थीया का नाम हाकेर के बजाय कमली रिकॉर्ड में दर्ज कर शुद्ध किये जाने हेतु सहमति व्यक्त की है। अप्रार्थीगण ने स्वीकारोक्ति बाबत् अलग–अलग शपथ–पत्र पेश किये।

प्रार्थीया द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज, हाल जमाबंदी की प्रमाणित प्रति, अन्य दस्तावेजों, पत्रावली एवं साक्ष्य, का अवलोकन किया। जिससे साबित होता है कि प्रार्थीया का नाम कमली होना पाया गया है। उस अनुसार प्रार्थिया के कब्जे काश्त की विरासती खातेदारी आराजी ग्राम पगारा में खाता संख्या 238, खसरा नम्बर 159, 192, 193, 199, 200/1, 200/2, 211, 450, 468, 479, 488, 489, 492, 495, 496, 497, 499, 500, 501, 510, 802, 933 खेत किता 22 कुल रकबा 3.9632 हैक्टेयर हिस्सा

उपखण्ड अधिकारी
सीमलवाड़ा

1/8 में प्रार्थिया का नाम हाकेर के बजाय कमली रिकॉर्ड में दर्ज कर शुद्ध किया जाना उचित है।

:: आदेश ::

प्रार्थीया का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर आदेश दिया जाता है कि प्रार्थीया ग्राम पगारा में आराजी खाता संख्या 238, खसरा नम्बर 159, 192, 193, 199, 200/1, 200/2, 211, 450, 468, 479, 488, 489, 492, 495, 496, 497, 499, 500, 501, 510, 802, 933 खेत किता 22 कुल रकबा 3.9632 हैक्टेयर हिस्सा 1/8 में प्रार्थीया का नाम हाकेर के बजाय कमली रिकॉर्ड में दर्ज कर शुद्ध किया जावे। तहसीलदार झौंथरीपाल आदेश की पालना कर पालना रिपोर्ट पेश करें।

Sonu

(सोनू कुमार गुर्जर)
सहायक कलक्टर
एवं उपखण्ड अधिकारी
सीमलवाड़ा

उपखण्ड अधिकारी
सीमलवाड़ा

आदेश आज दिनांक 07.07.2025 को लिखा जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

Sonu

सहायक कलक्टर
एवं उपखण्ड अधिकारी
सीमलवाड़ा

उपखण्ड अधिकारी
सीमलवाड़ा

Scanned with OKEN Scanner